सफल कृषि उद्यमी

Successful Agripreneurs

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा

प्रसार शिक्षा निदेशालय

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

Krishi Vigyan Kendra, Kota

Directorate of Extension Education

Agriculture University, Kota

सफल कृषि उद्यमी

Successful Agripreneurs

संकलन एवं संपादन

डॉ. महेन्द्र सिंह
डॉ. रूप सिंह
श्रीमती गुंजन सनाढ्य
डॉ. राकेश कुमार बैरवा
डॉ. अरविन्द नागर
डॉ. मुकेश चौधरी
सुश्री सरिता

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा
प्रसार शिक्षा निदेशालय
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

Krishi Vigyan Kendra, Kota
Directorate of Extension Education
Agriculture University, Kota

संरक्षक
डॉ. ए.के. व्यास
कुलपति

मार्गदर्शन
डॉ. एस.के. जैन
निदेशक प्रसार शिक्षा

मुख्य संपादक
डॉ. महेन्द्र सिंह
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

संपादक
डॉ. रूप सिंह
विषय विशेषज्ञ (पादप रोग विज्ञान)

सह–संपादक
श्रीमती गुंजन सनाढ्य
विषय विशेषज्ञ (गृह विज्ञान)

डॉ. राकेश कुमार बैरवा
सह आचार्य (शस्य विज्ञान)

डॉ. अरविन्द नागर
विषय विशेषज्ञ (उद्यान विज्ञान)

डॉ. मुकेश चौधरी
तकनीकी सहायक

सुश्री सरिता
तकनीकी सहायक

प्रकाशक
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा

वर्ष : 2024

मुद्रक : डामयण्ड प्रिन्टर्स, नई धानमण्डी, कोटा

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

बोरखेड़ा, बारां रोड़, कोटा 324001 (राज.)

डॉ. ए. के. व्यास
कुलपति

संदेश

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय कृषि परिदृश्य में क्रान्तिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है। कृषि अपने परम्परागत "खेत–खलिहान" के दायरे से निकलकर व्यवसाय के क्षेत्र में प्रवेश कर रही है। कृषि एवं इससे सम्बद्ध क्षेत्रों जैसे उद्यानिकी, डेयरी, कुक्कुट पालन, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण आदि में उद्यमिता विकास की विपुल सम्भावनाऐं हैं।

कृषि में उद्यमिता विकास के कारण सामान्य कृषक को उत्पादक से उद्यमी बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कृषक, ग्रामीण युवा एवं महिलाऐं कौशल विकास तथा नवाचारों के माध्यम से कृषि उद्यम स्थापित कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा ने विगत एक दशक में उद्यमिता विकास के क्षेत्र में बहुत ही उत्साहजनक प्रयास किये हैं। विगत एक दशक में केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर सैकड़ों युवाओं ने कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों, विशेषतः खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन में अपने उद्यम स्थापित किए हैं तथा प्रतिवर्ष 4.0 से 25.0 लाख तक आय प्राप्त कर रहे हैं।

मुझे प्रसन्नता है कि केन्द्र के प्रयासों से कृषि की विभिन्न विधाओं में स्थापित उद्यमियों की सफलता की कहानियों का एक संकलन "सफल कृषि उद्यमी" शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है।

मैं केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह एवं समस्त वैज्ञानिकों को इस प्रकाशन हेतु बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि यह प्रकाशन ग्रामीण युवाओं, कृषकों, कृषक महिलाओं व प्रसार कार्यकर्ताओं आदि के लिए उपयोगी व प्रेरणास्पद सिद्ध होगा।

21 जून, 2024
कोटा

(अभय कुमार व्यास)

प्रसार शिक्षा निदेशालय

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

डॉ. एस.के. जैन
निदेशक, प्रसार शिक्षा

प्राक्कथन

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रसार शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत छः कृषि विज्ञान केंद्र : कोटा, बूंदी, बाराँ, झालावाड, करौली तथा सवाई माधोपुर जिलों में कार्यरत है। ये कृषि विज्ञान केन्द्र जिले में अग्रिम पंक्ति प्रसार संस्थान के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा कृषकों तक कृषि की नवीन तकनीकी के हस्तांतरण के साथ–साथ ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं में उद्यमिता विकास के कार्य में संलग्न है।

विश्वविद्यालय का कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा विगत कई वर्षों से कृषकों एवं अन्य हितधारकों को उद्यमिता एवं कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण, सलाह एवं सहयोग प्रदान कर रहा है। केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के बहुत से युवाओं/महिलाओं ने नवाचार कर कृषि की विभिन्न विधाओं विशेषतः खाद्य प्रसंस्करण में अपने स्वतंत्र उद्यम स्थापित कर लिये है तथा इनके उत्पाद ऑनलाईन मार्केटिंग प्लेटफार्म के माध्यम से देशभर में उपलब्ध हो रहे है जिससे ये अच्छी आय अर्जित कर रहें है ।

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा केन्द्र से प्रशिक्षित उद्यमियों की सफलता की कहानियों का एक संकलन "सफल कृषि उद्यमी" का प्रकाशन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कृषि उद्यमों यथा सोया प्रसंस्करण, मधुमक्खी पालन, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, डेयरी, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन आदि के सफल उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ सम्मिलित की गई है। मुझे आशा है कि यह पुस्तिका कृषकों, ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं अन्य हितधारकों हेतु उपयोगी सिद्ध होगी।

21 जून, 2024
कोटा

(एस.के. जैन)

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा
प्रसार शिक्षा निदेशालय
कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

प्रस्तावना

कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) देश के विभिन्न जिलो में कृषि विस्तार संस्थानों के रूप में कार्यरत है। यह जिले में किसानों के लिए कृषि एवं संबद्ध उद्यमों की स्थान–विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के मूल्यांकन, शोधन और प्रसार केंद्रित ज्ञान और संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करते हैं। केवीके, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, नवीनतम ज्ञान और तकनीकियों के साथ किसानो को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गतिविधियो की एक विस्तृत श्रंखला में संलग्न हैं। केवीके की विशिष्ट गतिविधियों में अग्रिम पंक्ति प्रर्दशन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, अग्रिम पंक्ति प्रसार गतिविधि, बीज उत्पादन, कृषि प्रसंस्करण, किसान मेले, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण आदि से किसानों की आजीविका में सुधार, कृषि स्थिरता को बढ़ाना तथा संबधित क्षेत्रों में आधुनिक एवं कुशल कृषि पद्धतियों को अपनाने की सुविधा प्रदान करना आदि लक्ष्य शामिल हैं। केवीके, कृषि अनुसंधान संस्थानों और कृषकों के बीच सेतु का काम करते हुए नवीन कृषि प्रौद्योगिकियों, अद्यतन कृषि ज्ञान, तकनीक कौशल एवं नई जानकारियों का प्रसार करते हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा वर्ष 1992 से जिले में कृषि ज्ञान एवं संसाधन केन्द्र के रूप में कार्यरत हैं। केन्द्र जिले में विभिन्न फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता बढ़ाने, लागत कम करने, नई कृषि तकनीकियों को अपनाने एवं इनके प्रसार को बढ़ावा देने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा हैं। केन्द्र द्वारा खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन, मधुमक्खी पालन, जैविक खेती, डेयरी फार्मिंग, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन एवं संरक्षित खेती आदि विषय पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित कर ग्रामीण युवाओं की आय बढ़ाने में एवं उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटा द्वारा जिले के विभिन्न कृषि एवं सम्बद्ध उद्यमों में कार्यरत कृषि उद्यमियों की सफलता की कहानियों का संकलन कर ''सफल कृषि उद्यमी'' पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा हैं। यह पुस्तिका अन्य ग्रामीण युवाओं, किसानों एवं अन्य हितधारकों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

21 जून, 2024
कोटा

(महेन्द्र सिंह)
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

अनुक्रमणिका (Index)

क्र.सं. S.No.	शीर्षक Title	पृष्ठ संख्या Page No.
1.	फल प्रसंस्करण : एक रोजगारोन्मुखी व्यवसाय	1
	Fruit Processing: An Employment Oriented Business	3
2.	मोटे अनाज का प्रसंस्करण : एक लाभदायक कृषि उद्यम	5
	Millets Processing : A Profitable Agri-enterprise	7
3.	सोयाबीन प्रसंस्करण : नवोन्मेषी कृषि उद्यम	9
	Soybean Processing : Innovative Agriculture Enterprise	11
4.	मधुमक्खी पालन : एक सफल कृषि उद्यम	13
	Beekeeping: A Successful Agriculture Enterprise	15
5.	समन्वित कृषि प्रणाली : सतत आय की कुंजी	17
	Integrated Farming System: Key to Sustainable Income	19
6.	दुगुनी आय हेतु डेयरी फार्मिंग	21
	Dairy Farming for Doubling Income	23
7.	अतिरिक्त आय हेतु बकरी पालन	25
	Goat Rearing for Additional Income	27
8.	जैविक खेती: कम लागत–अधिक आय	29
	Organic Farming: Low Cost-High Profit	31
9.	बागवानी : किसान समृद्धि की कहानी	33
	Horticulture: Story of Farmer Prosperity	35
10.	संरक्षित खेती : आय सर्जन का अच्छा विकल्प	37
	Protected Cultivation: Good Option for Income Generation	39
11.	सब्जी उत्पादन से किसान बनें मालामाल	41
	Farmers Become Rich from Vegetable Production	43
12.	वर्मीकम्पोस्टिंग : अपशिष्ट से आय	45
	Vermicomposting : Waste to Wealth	47
13.	मशरूम उत्पादन : अतिरिक्त आय का स्त्रोत	49
	Mushroom Production : Source of Additional Income	51

1. फल प्रसंस्करण : एक रोजगारोन्मुखी व्यवसाय

नाम : श्रीमती वन्दना गौड़
पति का नाम : श्री धर्मवीर सिंह
पता : कुन्हाड़ी, कोटा (राज.)
मोबाईल न. : 7014211537

फल प्रसंस्करण तकनीकी : स्कवैश

फल
↓
धुलाई एवं छँटाई
↓
रस निकालना एवं छानना
↓
सिरप की तैयारी
(शर्करा घुलने के लिए गर्म करना)
↓
रस के साथ मिलाना
↓
परिरक्षक मिलाना
(0.6 ग्राम केएमएस या 1.0 ग्राम सोडियम बेंजोएट प्रति लीटर स्क्वैश)
↓
बॉटलिंग
↓
कैपिंग
↓
भंडारण

स्क्वैश प्रसंस्करण का आर्थिक विश्लेषण : (80 कि.ग्रा. प्रतिदिन)

फल प्रसंस्करण प्लांट लागत	: 6.00 लाख
फल प्रसंस्करण	: 80 कि.ग्रा. प्रतिदिन
वार्षिक स्क्वैश उत्पादन	: 240 क्विं.
औसत स्क्वैश विक्रय मूल्य	: 120/कि.ग्रा.
वार्षिक आय	: 28.80 लाख
कुल वार्षिक लागत	: 18.00 लाख
कुल वार्षिक शुद्ध आय	: 10.80 लाख
लाभ लागत अनुपात	: 1.60

कृषि विज्ञान केन्द्र का योगदान

खाद्य पदार्थो में पोषक तत्वों को सुरक्षित रखने और उसे खराब होने से बचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण वर्तमान समय की राष्ट्रीय मांग है। केन्द्र द्वारा युवाओं के उद्यमिता विकास के लिए फल और सब्जी प्रसंस्करण (स्क्वैश, जैम, जेली, अचार आदि) पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किये जाते है।

मूल गतिविधि

श्रीमती वंदना गौड़ कृषक पृष्ठभूमि वाली एक शिक्षित महिला हैं, उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर कौशल विकास कार्यक्रम के तहत केवीके, कोटा से वर्ष 2018 में एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया और 6.00 लाख रुपये की लागत से फल और सब्जी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की। वर्तमान में यह नींबू, संतरा, आंवला, आम का प्रसंस्करण कर रही हैं, और प्रतिवर्ष औसतन 240.00 क्विंटल स्क्वैश, कैंडी और अचार आदि प्रसंस्कृत उत्पाद को स्वयं की ब्रांडिंग पौष्टिक फूड प्रोडक्ट्स के नाम से मार्केटिंग कर औसत 28.80 लाख रूपये प्रति वर्ष सकल आय प्राप्त कर रही हैं।

वर्ष 2023-24 में औसत फल स्कवैश उत्पादन, आय और लाभ लागत अनुपात

उत्पादन (क्विं.)	सकल आय (₹ लाख में)	सकल लागत (₹ लाख में)	शुद्ध आय (₹ लाख में)	लाभ लागत अनुपात
240.00	28.80	18.00	10.80	1.60

अन्य किसानों पर सफलता का असर

एक दर्जन से अधिक युवा फल प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर प्रतिवर्ष 5.00 से 10.00 लाख रुपये सकल आय कमा रहे है तथा यह उद्यमी 1–3 ग्रामीण युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं।

पुरस्कार

श्रीमती गौड़ को फल प्रसंस्करण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु विश्वविद्यालय से प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। डीडी किसान चैनल नई दिल्ली ने उन्हें केवीके, कोटा के सफल कृषि उद्यमियों में से एक के रूप में चुना और एक डॉक्यूमेन्ट्री तैयार कर 2 अगस्त 2020 को एग्रो फैक्ट्री में प्रसारित किया गया।

केन्द्र के तकनीकी मार्गदर्शन में स्थापित फल प्रसंस्करण इकाई

नाम	पता	मोबाईल नं.	वार्षिक सकल आय (₹ लाख में)
श्री वीरेन्द्र शर्मा	राजश्री उत्पाद, रानपुर, कोटा	9414189839	9.00 – 10.00
श्री हेमन्त दीक्षित	हेल्दी एवं हाइजीन फूड्स, नयापुरा, कोटा	9166471757	9.00 – 10.00
श्री कृष्ण कुमार	कान्हा खाद्य उत्पाद, सुल्तानपुर, कोटा	9929345151	9.00 – 10.00
श्रीमती सुमन शर्मा	कृषि खाद्य उत्पाद, नयापुरा, कोटा	9460853746	6.00 – 07.00
श्रीमती हेमलता	तन्वी खाद्य उत्पाद, कोटा	9461101382	5.00 – 06.00

1. Fruit Processing : An Employment Oriented Business

Name : Mrs. Vandana Gaur
Husband's Name : Mr. Dharamveer Singh
Address : Kunhari, Kota (Raj.)
Mobile No. : 7014211537

Fruit Processing Technology : Squash

Fruits
↓
Washing and Trimming
↓
Juice Extraction and Straining
↓
Preparation of syrup
(sugar + water + acid, heating just to dissolve)
↓
Mixing with juice
↓
Addition of preservative
(0.6 g KMS or 1.0 g sodium benzoate/litre squash)
↓
Bottling
↓
Capping
↓
Storage

Economics of Squash Processing : (80 kg per day)

Fruit processing plant cost	:	₹6.00 lakh
Fruit processing	:	80 kg per day
Annual fruit processing	:	240 q
Annual squash production	:	240 q
Average sale rate of squash	:	₹120 per liter
Annual gross income	:	₹ 28.80 lakh
Annual expenditure	:	₹ 18.00 lakh
Annual net income	:	₹ 10.80 lakh
Benefit cost ratio (BCR)	:	1.60

Role of KVK

Food processing is a national demand of present time to preserve the nutrients in food products and prevent it from spoiling. The center organizes skill development trainings on fruit and vegetable processing (squash, jam, jelly, pickle etc.) for youth to entrepreneurship development.

Core Activity

Mrs. Vandana Gaur is an educated woman with farming background. She received one month skill development training on food processing and value addition from KVK, Kota in the year 2018 and established fruit and vegetable processing unit with cost of Rs 6.00 lakh. Presently she is processing lemon, mandarin, orange, anola, mango and producing an average of 240.00 q of squashes, candy, and pickles annually. She is marketing these processed products under her own branding "Paushtik Food Products" and earning gross income of Rs. 28.80 lakh per year.

Average production, income and cost-benefit ratio of fruit squash during 2023-24

Production (q)	Gross income (₹ in lakh)	Gross Cost (₹ in lakh)	Net Profit (₹ In lakh)	B:C ratio
240.00	28.80	18.00	10.80	1.60

Spread effects on fellow farmers

More than one dozen youth established fruit processing units and earning 5.00 to 10.00 lakh gross income annually and these entrepreneurs now generating employment for 1-3 rural youth.

Awards

Mrs. Gaur has received an appreciation certificate from the university for her excellent work in the field of fruit processing. DD Kisan channel New Delhi choose her as one of the successful agri-entrepreneurs of KVK, Kota and prepared a documentary and broadcasted by the channel on 2nd August 2020 in Agro Factory.

Fruit processing unit established under technical guidance of the center

Name	Address	Mobile No.	Annual Gross Income (₹ in lakh)
Mr. Virendra Sharma	Rajshree Utpad, Ranpur, Kota	9414189839	9.00-10.00
Mr. Hemant Dixit	Healthy & Hygiene Foods, Nayapura, Kota	9166471757	9.00-10.00
Mr. Krishan Kumar	Kanha Food Products, Sultanpur, Kota	9929345151	9.00-10.00
Mrs. Suman Sharma	Rishi Food Product, Nayapura, Kota	9460853746	6.00-07.00
Mrs. Hemlata	Tanvi Food Product, Kota	9461101382	5.00-06.00

2. मोटे अनाज का प्रसंस्करण : एक लाभदायक कृषि उद्यम

नाम : श्रीमती बेबी रानी
पति का नाम : श्री रवीन्द्र सैनी
पता : बोरखेड़ा, कोटा (राज.)
मोबाईल नं. : 7742004939

मोटे अनाज प्रसंस्करण तकनीकी

मोटे अनाज को रात भर पानी में भिगोना
↓
अनाज को ट्रे पर फैलाना
↓
72 घंटे तक लगातार अन्तराल पर पानी का छिड़काव
↓
अंकुरित मोटे अनाज को सुखाकर, पीसकर छानना
↓
मोटे अनाज से विभिन्न प्रसंस्कृत उत्पाद तैयार करना
↓
बिस्किट, कुकीज, गजक, नमकीन, मठरी

मोटे अनाज प्रसंस्करण का आर्थिक विश्लेषण : (20 कि.ग्रा. प्रतिदिन)

मोटे अनाज प्रसंस्करण प्लांट लागत	:	₹ 7.00 लाख
मोटे अनाज प्रसंस्करण	:	20 कि.ग्रा. प्रतिदिन
वार्षिक मोटे अनाज प्रसंस्करण	:	60 क्विं.
वार्षिक मोटे अनाज प्रसंस्कृत उत्पाद उत्पादन	:	80 क्विं.
मोटे अनाज प्रसंस्कृत उत्पादों की औसत विक्रय दर	:	₹ 200 प्रति कि.ग्रा.
वार्षिक सकल आय	:	₹ 16.00 लाख
वार्षिक लागत	:	₹ 9.00 लाख
वार्षिक शुद्ध आय	:	₹ 7.00 लाख
लाभ लागत अनुपात	:	1.77

कृषि विज्ञान केन्द्र का योगदान

मोटे अनाज में उच्च सूक्ष्म पोषक तत्व, आहार फाइबर और कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ बेहतर पोषण गुण होते हैं। केन्द्र द्वारा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को मोटे अनाज प्रसंस्करण (स्नैक्स, बिस्किट, माल्टेड उत्पाद, आदि) पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किये जाते है।

मूल गतिविधि

श्रीमती बेबी रानी ने केन्द्र से एक माह का खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण 2020 में प्राप्त किया तथा मोटे अनाज प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे– ज्वार कुकीज, मिक्स मोटा अनाज कुकीज, बाजरा पापड़, बाजरा गजक आदि बनाना शुरू किया। वर्तमान में 80.00 क्विंटल मोटा अनाज प्रसंस्कृत उत्पाद तैयार कर स्वयं सहायता समूह की ब्राडिंग शिव शक्ति मिलेट प्रोडक्ट्स के नाम से मार्केटिंग कर वार्षिक औसत 16.00 लाख रूपये सकल आय अर्जित कर रही हैं।

वर्ष 2023-24 में मोटे अनाज प्रसंस्कृत उत्पाद का औसत उत्पादन, आय और लागत-लाभ अनुपात

उत्पादन (क्विं.)	सकल आय (₹ लाख में)	सकल लागत (₹ लाख में)	शुद्ध आय (₹ लाख में)	लाभ लागत अनुपात
80.00	16.00	9.00	7.00	1.77

अन्य किसानों पर सफलता का असर

एक दर्जन से अधिक युवाओं ने मोटे अनाज प्रसंस्करण इकाई स्थापित की तथा यह उद्यमी 1–3 ग्रामीण युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं।

पुरस्कार

श्रीमती बेबी रानी को मोटे अनाज प्रसंस्करण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु केवीके, कोटा द्वारा सर्वश्रेष्ठ महिला उद्यमी पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं स्थानीय न्यूज पेपर में उनकी सफलता की कहानी भी प्रकाशित हुई।

कृषि विज्ञान केन्द्र से ट्रेनिंग लेकर शुरू किया खुद का कारोबार

कई महिलाएं मोटा अनाज से केक, लड्डू व ब्रेड बना बेच रहीं...दूसरों को भी बना रहीं आत्मनिर्भर

patrika.com

कोटा. आज महिलाएं किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। वे खुद सक्षम होने के साथ-साथ दूसरी महिलाओं को भी सक्षम बना रही हैं। यह कहानी भी कुछ ऐसी ही महिलाओं की है, जो मिलेट्स (मोटा अनाज) में कुकीज व अन्य उत्पाद बनाकर बेच रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। इन उत्पादों की बाजार में अच्छी मांग है।

कोटा कृषि विज्ञान केन्द्र इन महिलाओं को मोटा अनाज से खाद्य पदार्थ बनाने का प्रशिक्षण दे रहा है। केन्द्र की वैज्ञानिक गुंजन सनाढ्य ने बताया कि वर्ष 2023 इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर घोषित किया गया था। हमारे केंद्र में महिलाओं को मिलेट्स से जुड़े उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद कई महिलाएं मिलेट्स से केक, बिस्किट, इडली-डोसा, लड्डू व ब्रेड बना कर बेच रही हैं।

मिलेट्स से तैयार उत्पाद

केस: 1 खेड़ली फाटक निवासी हेमलता सोनगरा ने बताया कि वर्ष 2022 में केवीके में एक माह की ट्रेनिंग के बाद घर पर मिलेट्स उत्पाद बनाना शुरू किया। ज्वार, बाजरा के लड्डू, बिस्किट, मठरी, नमकीन, दलिया बनाया। पहले इन्हें बेचने में दिक्कत आई, लेकिन अब घर बैठे ऑर्डर मिलने लगे हैं।

केस: 2 जयश्री विहार निवासी बेबी रानी ने ट्रेनिंग के बाद वर्ष 2021 में मिलेट्स के उत्पाद बनाना शुरू किया। मिलेट्स में ज्वार, बाजरा, रागी से 8 तरीके के बिस्किट, गजक व बाजरे के पापड़ बना रही हैं। अब घर बैठे ऑनलाइन ऑर्डर मिल रहे हैं। हर महीने 35 से 40 हजार रुपए की कमाई हो रही है।

केस: 3 दादाबाड़ी निवासी स्मिता औदिच्य ने वर्ष 2022-23 में मिलेट्स से इंस्टेंट मिक्स तैयार किया। इसमें बाजरा व केले से इंस्टेंट मिक्स बनाया जाता है। इससे पकौड़ी, इडली, चीला सहित अन्य खाने की चीज हाथों हाथ बनाई जा सकती हैं। प्रति माह 60 से 70 हजार रुपए कमा रही हैं।

केस: 4 दादाबाड़ी निवासी मनीषा त्रिवेदी ने प्रशिक्षण के बाद वर्ष 2022 में मिलेट्स पर काम शुरू किया। राजगीरा, बाजरा, ज्वार से स्नैक्स, बिस्किट, नमकीन, मठरी, चिवड़ा, केक, फलाहारी केक सहित अन्य उत्पाद बना रही हैं। इन उत्पादों को बेचकर प्रतिमाह 1 लाख रुपए तक कमाई कर रही हैं।

केन्द्र की तकनीकी मार्गदर्शन में स्थापित मोटे अनाज प्रसंस्करण इकाई

नाम	पता	मोबाईल नं.	वार्षिक सकल आय (₹ लाख में)
श्री अशोक जैन	इशिमा श्रीअन्न, गंधीफली, कोटा	6367040389	30.00 – 35.00
सुश्री स्मिता औदिच्य	मैजिक फूड्स, दादाबाड़ी, कोटा	9958024666	20.00 – 25.00
श्रीमती मनीषा त्रिवेदी	उमांश मार्केटिंग, दादाबाड़ी, कोटा	7300048686	16.00 – 17.00
श्रीमती परिधि गुप्ता	बेकर्स बाइट, तीनबत्ती सर्किल, कोटा	7976358169	12.00 – 15.00
श्रीमती कविता जैन	जैन फूड्स इकाई, रेलवे स्टेशन, कोटा	9887399192	08.00 – 10.00

2. Millets Processing : A Profitable Agri-enterprise

Name : Mrs. Baby Rani
Husband's Name : Mr. Ravindra Saini
Address : Borkhera, Kota (Raj.)
Mobile No. : 7742004939

Millets Processing Technology

Millets are immersed in water overnight
↓
Grains are spread on trays
↓
Keep wet by frequent spraying of water for 72 hrs.
↓
Germinated millets is dried and grind to pass sieving 80 meshes
↓
Prepare various processed products of millets
↓
Biscuit, Cookies, Gajak, Namkeen, Mathari

Economics of Millets Processing : 20 kg per day

Millets processing plant cost	:	₹7.00 lakh
Millets processing	:	20 kg per day
Annual millets processing	:	60 q
Annual millets processed product production	:	80 q
Average sale rate of millet products	:	₹ 200 per kg
Annual gross Income	:	₹16.00 lakh
Annual expenditure	:	₹ 9.00 lakh
Annual net income	:	₹7.00 lakh
Benefit cost ratio (BCR)	:	1.77

Role of KVK

Millets have superior nutritional properties with high micronutrients, dietary fiber and low glycemic index. The centre provides skill development trainings on millet processing (snacks, biscuit, malted products, etc.) for youth to promote entrepreneurship and motivate them to start their enterprises.

Core Activity

Mrs. Baby Rani received one month training on food processing organized by the center in 2020 and established a millet processing unit & prepared processed products like jowar cookies, mixed millet cookies, millet papad, millet gajak etc. At present, by producing 80.00 q of processed millet products and marketing these products under the self-help group branding name of Shiv Shakti Millet Products, she is earning an annual average gross income of Rs. 16.00 lakh.

Average production, income, and cost-benefit ratio of processed millet products during 2023-24

Production (q)	Gross income (₹ in lakh)	Gross Cost (₹ in lakh)	Net Profit (₹ In lakh)	B:C ratio
80.00	16.00	9.00	7.00	1.77

Spread effects on fellow farmers

More than one dozen youth established millets processing units and these entrepreneurs are now generating employment for 1-3 rural youth.

Awards

Mrs. Baby Rani has received best women entrepreneur award from the KVK Kota for her excellent work in the field of millets processing and her success story was published in local newspaper.

कृषि विज्ञान केन्द्र से ट्रेनिंग लेकर शुरू किया खुद का कारोबार

कई महिलाएं मोटा अनाज से केक, लड्डू व ब्रेड बना बेच रहीं...दूसरों को भी बना रहीं आत्मनिर्भर

Millets processing unit established under technical guidance of the center

Name	Address	Mobile No.	Annual Gross Income (₹ in lakh)
Mr. Ashok Jain	Ishima Shri Ann, Gandifali, Kota	6367040389	30.00 – 35.00
Ms. Smita Audichya	Magic Foods, Kota	9958024666	20.00 – 25.00
Mrs. Manisha Trivedi	Umansh Marketing, Kota	7300048686	16.00 – 17.00
Mrs. Paridhi Gupta	Bakers Bite, Kota	7976358169	12.00 – 15.00
Mrs. Kavita Jain	Jain food product unit, Kota	9887399192	08.00 – 10.00

3. सोयाबीन प्रसंस्करण : नवोन्मेषी कृषि उद्यम

नाम : श्री विक्रम सिंह हाड़ा
पिता का नाम : श्री मोहन सिंह
पता : शिवपुरा, कोटा (राज.)
मोबाईल न. : 9636375029

सोयाबीन प्रसंस्करण तकनीकी : सोया पनीर

50 कि.ग्रा. सोयाबीन के पूरे दाने की सफाई
↓
300 लीटर पानी में 6 घण्टे भिगोकर धुलाई करना
↓
300 लीटर पानी के साथ ग्रांइडर में पिसाई
↓
20 मिनट तक 100°C तापमान पर सोयाबीन दूध को उबालना
↓
300 लीटर दूध को छानना
↓
300 ग्राम सिट्रिक ऐसिड द्वारा दूध को फाडना
↓
पनीर प्रेसर द्वारा 30–40 मिनट दबाना
↓
50 कि.ग्रा. सोयाबीन से 65–70 कि.ग्रा. सोया पनीर (टोफू) तैयार

सोया पनीर का आर्थिक विश्लेषण : 50 कि.ग्रा. प्रतिदिन

सोया पनीर प्लांट लागत	:	₹ 8.00 लाख
सोयाबीन प्रसंस्करण (प्रतिवर्ष)	:	150 क्विं.
सोया पनीर उत्पादन प्रतिवर्ष	:	195 क्विं.
औसत सोया पनीर विक्रय मूल्य	:	₹ 120/कि.ग्रा.
वार्षिक आय	:	₹ 23.40 लाख
कुल वार्षिक लागत	:	₹ 15.60 लाख
कुल वार्षिक शुद्ध आय	:	₹ 7.80 लाख
लाभ लागत अनुपात	:	1.50

कृषि विज्ञान केन्द्र का योगदान

सोयाबीन का उपयोग सोया दूध से लेकर टोफू (सोया पनीर), सोया दही, सोया नट्स और विभिन्न बेकरी–आधारित उत्पादों को तैयार करने के लिए किया जा रहा है। सोयाबीन के स्वास्थ्य लाभों को ध्यान में रखते हुए, केंद्र द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता के माध्यम से सोया प्रसंस्करण के क्षेत्र में युवाओं में कौशल विकास करने की एक अनुठी पहल की गई।

मूल गतिविधि

श्री विक्रम सिंह हाड़ा सोयाबीन उत्पादक किसान है। उन्होंने केन्द्र से वर्ष 2014 में खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर एक माह का कौशल विकास प्रशिक्षण लेकर 8.00 लाख रुपये की लागत से सोया पनीर प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की। वर्तमान में औसतन 600 क्विंटल सोया पनीर का प्रतिवर्ष उत्पादन कर स्वयं की ब्राण्ड ''भव्या सोया पनीर'' के नाम से छात्रावासों में सप्लाई कर रहे हैं, जिससे प्रतिवर्ष 72.00 लाख रूपये सकल आय प्राप्त हो रही है।

वर्ष 2023-24 में औसत सोया पनीर उत्पादन, आय और लाभ लागत अनुपात

उत्पादन (क्विं.)	सकल आय (₹ लाख में)	सकल लागत (₹ लाख में)	शुद्ध आय (₹ लाख में)	लाभ लागत अनुपात
600.00	72.00	50.40	21.60	1.42

अन्य किसानों पर सफलता का असर

केन्द्र से प्रशिक्षण एवं श्री हाड़ा से प्रेरणा लेकर एक दर्जन से अधिक युवाओं ने सोया पनीर उत्पादन इकाई स्थापित की है, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष 4.0 से 50.00 लाख रुपये की सकल आय प्राप्त हो रही है तथा ये उद्यमी 1–3 ग्रामीण युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं।

पुरस्कार

श्री विक्रम सिंह हाड़ा के सोया पनीर प्रसंस्करण के क्षेत्र में किये जा रहे नवोन्मेषी कार्य पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने एक डोक्यूमेन्ट्री तैयार करवाई है तथा उनके उत्कृष्ट कार्य के लिये विश्वविद्यालय एवं अन्य संस्थाओं द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये।

केन्द्र के तकनीकी मार्गदर्शन में स्थापित मुख्य सोया पनीर इकाई

नाम	पता	मोबाईल नं.	वार्षिक सकल आय (₹ लाख में)
श्री गौरव खण्डेलवाल	रिवा एग्रो फूड़, रंगबाड़ी, कोटा	9261199000	48.00–50.00
श्रीमती रचिनी चौबिसा	माधव सोया, जावद राजसंमद	9783210444	45.00–46.00
श्री मनीष गोस्वामी	सोया गोसाई, केशोरायपाटन, बूंन्दी	9799707048	21.00–22.00
श्री यश चौहान	वेगन फूड, झोटवाड़ा, जयपुर	7065411301	04.00–05.00
श्री सुरेन्द्र हरणीवाल	रेहान्स स्विट उद्योग, पिलानी, झुंझुनु।	9928460936	04.00–05.00

3. Soybean Processing : Innovative Agriculture Enterprise

Name : Mr. Vikram Singh Hada
Father's Name : Mr. Mohan Singh
Address : Shivpura, Kota (Raj.)
Mobile No. : 9636375029

Soybean Processing Technology: Soy Paneer

Cleaning 50 kg whole grain of soybean
↓
Soaking in 300-liter water for 6 hrs. and cleaning
↓
Grinding with adding 300-liter water
↓
Boiling of soya milk 20 min at 100ºC
↓
Collect 300 liter soya milk and add 300 g citric acid
↓
Pressing in Paneer Press for 30-40 min
↓
65-70 kg Soy Paneer (Tofu) prepared from 50 kg soybean

Economics of Soy Paneer : (50 Kg per day)

Soya paneer plant cost	:	₹ 8.00 lakh
Annual soybean processing	:	150 q
Annual soy paneer production	:	195 q
Average sale rate of soy paneer	:	₹ 120 per kg
Annual gross income	:	₹ 23.40 lakh
Annual expenditure	:	₹ 15.60 lakh
Annual net income	:	₹ 7.80 lakh
Benefit cost ratio (BCR)	:	1.50

Role of KVK

The soybean is being used to prepare a plethora of different products ranging from soy milk to tofu (soy paneer), soy curd, soy nuts, and various bakery-based products, etc. Keeping the health benefits of soybean into consideration, the center has taken an initiative by developing agripreneurs in the field of soya processing through vocational trainings, mentoring and technical support.

Core Activity

Mr. Vikram Singh Hada is a soybean producing farmer. He received one month skill development training on food processing and value addition from KVK, Kota in 2014 and established a soya paneer processing unit with cost of Rs. 8.00 lakhs. At present, he is processing an average of 600 q of soy paneer per year and marketing paneer under his own branding "Bhavya Soya Paneer" around hostels and coaching institutes and earning gross income of Rs. 72.00 lakh per year.

Average production, income and cost-benefit ratio of Soy Paneer during 2023-24

Production (q)	Gross income (₹ in lakh)	Gross Cost (₹ in lakh)	Net Profit (₹ In lakh)	B:C ratio
600.00	72.00	50.40	21.60	1.42

Spread effects on fellow farmers

More than one dozen youth established soy paneer units after taking training & inspiration from Mr. Hada and are earning Rs. 4.00 to 50.00 lakhs annually and these entrepreneurs are generating employment for 1-3 youth.

Awards

Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Govt. of India prepared documentary film of Mr. Vikram Singh Hada for his innovative work in field of soy paneer processing and received appreciation certificates from university and other institution for his excellent work.

Soy paneer unit established under technical guidance of the center

Name	Address	Mobile No.	Annual Gross Income (₹ in lakh)
Mr. Gaurav Khandelwal	Riva Agro Foods, Rangbari, Kota	9261199000	48.00-50.00
Mrs. Rachini Choubisa	Madhav Soya & Food Products, Rajsamand	9783210444	45.00-46.00
Mr. Manish Goswami	Soya Gosai, Keshorai Patan, Bundi	9799707048	21.00-22.00
Mr. Yash Chouhan	Vegan Foods, Jhotwara, Jaipur	7065411301	04.00-05.00
Mr. Surendra Harniwal	Rehans Sweet Udhyog, Pilani, Jhunjhunu	9928460936	04.00-05.00

4. मधुमक्खी पालन : एक सफल कृषि उद्यम

नाम : श्री नरेन्द्र मालव
पिता का नाम : श्री कालूलाल मालव
पता : डंगावद, हरिपुरा, कोटा (राज.)
मोबाईल न. : 8947863978

मधुमक्खी पालन तकनीकी

मधुमक्खी पालन किसानों की आय दुगुनी करने का एक अच्छा विकल्प है। मधुमक्खी पालन कृषि आधारित एक लाभकारी उद्यम है। इससे खेतिहर किसान, महिलाऐ, श्रमिक, एवं बेरोजगार ग्रामीण युवा कम समय व कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है।

मधुमक्खी पालन इकाई का आर्थिक विश्लेषण (100 कॉलोनी)

स्थापना खर्च	:	₹ 4.00 लाख
कुल शहद उत्पादन प्रति वर्ष	:	3500 कि.ग्रा.
शहद विक्रय दर	:	₹ 130 प्रति कि.ग्रा.
शहद उत्पादन से वार्षिक आय	:	₹ 4.55 लाख
अन्य उत्पादो से वार्षिक आय	:	₹ 1.00 लाख
कुल वार्षिक लागत	:	₹ 2.00 लाख
कुल वार्षिक शुद्ध आय	:	₹ 3.55 लाख
लाभ लागत अनुपात	:	2.77

कृषि विज्ञान केन्द्र का योगदान :

मधुमक्खी पालन से किसान को शहद, मोम, प्रोपोलिश, पराग, रॉयल जेली आदि के साथ में मधुमक्खियों द्वारा फसलों में परागण से फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। केन्द्र द्वारा मधुमक्खी पालन विषय पर व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित कर जिले में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा एवं ग्रामीण युवाओं को कृषि उद्यम से जोड़ा जा रहा है।

मूल गतिविधि :

कोटा जिले के श्री नरेन्द्र मालव गांव डंगावद ने वर्ष 2013 में केन्द्र द्वारा आयोजित मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में भाग लिया तथा इसके पश्चात् 25 मधुमक्खी कॉलोनियों से शुरूआत कर वर्तमान में 500 से अधिक कॉलोनियों के साथ मधुमक्खी पालन का व्यवसाय कर रहे है। श्री मालव शहद का प्रसंस्करण कर स्वयं की ब्राण्डिंग ''कोटा शहद'' के नाम से मार्केटिंग कर रहे हैं। यह जिले में दूसरे किसानों के लिए मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य कर रहे है। श्री मालव शहद एवं इसके सह उत्पादों से प्रतिवर्ष 32.50 लाख औसत सकल आय अर्जित कर रहे है।

वर्ष 2023-24 में औसत शहद उत्पादन, आय और लाभ लागत अनुपात (800 कॉलोनी)

उत्पादन (क्विं.)	सकल आय (₹ लाख में)	सकल लागत (₹ लाख में)	शुद्ध आय (₹ लाख में)	लाभ लागत अनुपात
250.00	32.50	13.00	19.50	2.50

अन्य किसानों पर सफलता का असर :

केन्द्र से प्रशिक्षण एवं श्री मालव से प्रेरणा लेकर जिले के 100 से अधिक ग्रामीण युवाओं ने मधुमक्खी पालन को रोजगार के रूप में अपनाकर 5.00–12.00 लाख रूपये औसत सकल आय प्रतिवर्ष कमा रहे है।

पुरस्कार :

श्री मालव को मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु महिन्द्रा कृषि समृद्धि पुरस्कार, आत्मा द्वारा जिला स्तरीय कृषक प्रशस्ति पत्र एवं अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए है।

केन्द्र के तकनीकी मार्गदर्शन में स्थापित मधुमक्खी पालन इकाई

नाम	पता	मोबाईल नं.	वार्षिक सकल आय (₹ लाख में)
श्री रामराज मीणा	दौलतपुरा, इटावा, कोटा	7851819691	10.00–12.00
श्री सुरेन्द्र मीणा	हनुमानपुरा, खातौली, कोटा	8107692122	9.00–10.00
श्री लोकेश कुमार मीणा	बम्बूलिया,दीगोद, कोटा	8094987712	9.00–10.00
श्री हरिओम मेहरा	छत्रपुरा, सांगोद, कोटा	6378083615	8.00–10.00
श्री सत्यनारायण माली	पाडली, पीपल्दा, कोटा	7340385005	5.00–08.00

4. Beekeeping: A Successful Agriculture Enterprise

Name : Mr. Narendra Malav
Father's Name : Mr. Kalulal Malav
Address : Dangawad, Haripura, Kota (Raj.)
Mobile No. : 8947863978

Beekeeping Technology

Beekeeping is a good option for doubling farmers income. It is a profitable agriculture-based enterprise. Farmers, farm women, rural youth, landless labour can get high profit with low cost in short period of time.

Economics of Beekeeping unit (100 colonies):

Establishment cost	:	₹ 4.00 lakh
Annual honey production	:	3500 kg
Average sale rate of honey	:	₹ 130/kg
Annual gross income from honey	:	₹ 4.55 lakh
Annual gross income from other products	:	₹ 1.00 lakh
Annual expenditure	:	₹ 2.00 lakh
Annual net income	:	₹ 3.55 lakh
Benefit cost ratio (BCR)	:	2.77

Role of KVK

Beekeeping provides the farmer with honey, wax, propolis, pollen, royal jelly etc. and also helps in pollination of crops resulting in increase of crop production. The center is promoting beekeeping in the district by organizing skill development training on beekeeping and connecting rural youth with agricultural enterprises.

Core Activity

Mr. Narendra Malav of Dangawad participated in beekeeping training conducted by the centre in the year of 2013 and after that started beekeeping with 25 bee-colonies and currently doing the business of beekeeping with more than 800 colonies. Mr. Malav is processing the honey and marketing it under his own branding name "Kota Sahad". He is acting as a source of inspiration for other farmers in the field of beekeeping in the district. Mr. Malav earning Rs. 32.50 lakh average gross income by selling honey and its by products.

Average production, income and cost-benefit ratio of honey during 2023-24 (800 colonies)

Production (q)	Gross income (₹ in lakh)	Gross Cost (₹ in lakh)	Net Profit (₹ In lakh)	B:C ratio
250.00	32.50	13.00	19.50	2.50

Spread effects on fellow farmers

More than 100 rural youth of the district have adopted beekeeping as employment and are earning Rs. 5.00-12.00 lakh gross income per annum.

Awards

Mr. Malav has received Mahindra Krishi Samriddhi Award, district level appreciation award by ATMA and other awards for his excellent work in the field of beekeeping.

Beekeeping unit established under technical guidance of the center

Name	Address	Mobile No.	Annual Gross Income (₹ in lakh)
Mr. Ramraj Meena	Daulatpura, Itawa, Kota	7551819691	10.00-12.00
Mr. Surndra Meena	Hnaumanpura, Khatoli, Kota	8107692122	9.00-10.00
Mr. Lokesh Kumar Meena	Bambooliya, Digod, Kota	8094987712	9.00-10.00
Mr. Hariom Mehra	Chatrapura, Sangod, Kota	6378083615	8.00-10.00
Mr. Satyanarayan Mali	Padli, Pipalda, Kota	7340385005	05.00-8.00

5. समन्वित कृषि प्रणाली : सतत आय की कुंजी

नाम : श्री घनश्याम यादव
पिता का नाम : श्री जगन्नाथ यादव
पता : सुहाना, दिगोद, कोटा (राज.)
मोबाईल न. : 6376223863

तकनीकी

समन्वित कृषि प्रणाली से अभिप्राय कृषि के विभिन्न उद्यमों जैसे फसल उत्पादन, पशुपालन, फल एवं सब्जी उत्पादन तथा इनसे जुड़ी पूरक इकाईयाँ जैसे केंचुआ खाद, अजोला, नाडेप कम्पोस्ट इत्यादि का समायोजन करके संसाधनों की क्षमता एवं उत्पादकता में वृद्धि करना है।

कृषि विज्ञान केन्द्र का योगदान

जिले में समन्वित कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। प्रशिक्षण के उपरान्त एवं केन्द्र के तकनीकी मार्गदर्शन में जिले के किसान/ग्रामीण युवा समन्वित कृषि प्रणाली मॉडल को अपनाकर कम लागत में अधिक आय अर्जित कर रहे हैं।

मूल गतिविधि

कृषि विज्ञान केन्द्र पर वर्ष 2021 में आयोजित प्रशिक्षण उपरान्त एवं तकनीकी मार्गदर्शन से श्री घनश्याम यादव ग्राम सुहाना द्वारा 3.00 है. क्षेत्र में समन्वित कृषि प्रणाली मॉडल अपनाया गया। इसमें 1.00 है. में अमरूद का बगीचा, 0.50 है. में पपीता, 1.00 है. में आलू एवं अन्तराशस्य तकनीक से नगदी फसलो की खेती कर रहे हैं तथा इनके पास 2 भैंस, 1 गाय तथा 5 बेड़ वर्मीकम्पोस्ट की भी है। इस समन्वित कृषि प्रणाली मॉडल को अपनाकर यह वार्षिक औसत 11.00 लाख रूपये सकल आय अर्जित कर रहे है।

वर्ष 2023-24 में औसत उत्पादन, आय और लाभ लागत अनुपात

फसल/गतिविधि	इकाई (हे./नं.)	उत्पादन (क्विं.)	सकल आय (₹ लाख में)	सकल लागत (₹ लाख में)	शुद्ध आय (₹ लाख में)	लाभ लागत अनुपात
अमरूद	1.00	210.00	3.15	0.75	2.40	4.20
पपीता	0.50	80.00	1.20	0.40	0.80	3.00
आलू	1.00	320.00	3.30	0.90	2.40	3.66
प्याज	0.50	140.00	2.10	0.50	1.60	4.20
भैंस एवं गाय	3	25.00	1.25	0.62	0.62	2.01

अन्य किसानों पर सफलता का असर

केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर एवं श्री यादव के समन्वित कृषि प्रणाली के ''सुहाना मॉडल'' को अपनाकर जिले के दूसरे किसान भी औसत 4.00–7.00 लाख रूपये सकल आय प्रतिवर्ष कमा रहे है।

पुरस्कार

श्री यादव को समन्वित कृषि प्रणाली के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु आत्मा कोटा द्वारा जिला स्तरीय कृषक प्रशस्ति पत्र पुरस्कार, कृषि जागरण नई दिल्ली द्वारा मिलेनियर फार्मर अवार्ड एवं कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषि विज्ञान मेला 2022 में प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ है।

केन्द्र के तकनीकी मार्गदर्शन में स्थापित समन्वित कृषि प्रणाली इकाई

नाम	पता	मोबाईल नं.	वार्षिक सकल आय (₹ लाख में)
श्री सत्यनारायण यादव	सुहाना,दीगोद, कोटा	9414179545	6.00–7.00
श्री परमानन्द	सुहाना,दीगोद, कोटा	9928476044	5.00–6.00
श्री सुरेश मीणा	राईखेडा, कोटा	8290409774	5.00–6.00
श्री बृजमोहन मीणा	चौमाकोट, कोटा	9928259037	4.00–5.00

5. Integrated Farming System: Key to Sustainable Income

Name : Mr. Ghanshyam Yadav
Father's Name : Mr. Jagnnath Yadav
Address : Suhana, Digod, Kota (Raj.)
Mobile No. : 6376223863

Technology

Integrated farming system is an eco-friendly approach in which integration of various agricultural enterprises like crop production, animal husbandry, fruit and vegetable production and their related supplementary units like vermicompost, Azolla, Nadep compost etc. increasing the efficiency and productivity of resources.

Role of KVK

To promote integrated farming system in the district, training programmes are organized by the center. After completion of training and under technical guidance of the center, farmers/rural youth of the district are earning more income at low cost by adopting integrated farming system.

Core Activity

Mr. Yadav adopted the integrated farming system model in 3.0 ha area after completion of training in 2021 and under technical guidance of the center. He has 1.0 ha guava orchard, 0.5 ha papaya, 1.0 ha under potato and growing vegetables and other cash crop in orchard under intercropping system. He also has 2 buffaloes, 1 cow and 5 beds of vermicompost. He is earning an average gross income of Rs. 11.00 lakh by adopting this integrated farming system model.

Average production, income and cost-benefit ratio of during 2023-24

Crop/ Activity	Unit (ha/No.)	Production (q)	Gross income (₹ in lakh)	Gross Cost (₹ in lakh)	Net Profit (₹ In lakh)	B:C ratio
Guava	1.00	210.00	3.15	0.75	2.40	4.20
Papaya	0.50	80.00	1.20	0.40	0.80	3.00
Potato	1.00	320.0	3.30	0.90	2.40	3.66
Onion	0.50	140.00	2.10	0.50	1.60	4.20
Buffalo & Cow	03	25.00	1.25	0.62	0.62	2.01

Spread effects on fellow farmers

After receiving training from the center and inspiration from Mr. Yadav, more than dozen farmers of the district have adopted 'Suhana Model' of integrated farming system and are earning Rs. 4.00-7.00 lakh gross income per annum.

Awards

Mr. Yadav has received district level appreciation award from ATMA, Kota, Millionaire Farmer Award by Krishi Jagran, New Delhi and appreciation certificate by KVK in Krishi Vigyan Mela 2022 for his excellent work in the field of integrated farming system.

IFS unit established under technical guidance of the center

Name	Address	Mobile No.	Annual Gross Income (₹ in lakh)
Mr. Satyanarayan Yadav	Suhana, Digod, Kota	9414179545	6.00-7.00
Mr. Parmanand	Suhana, Digod, Kota	9928476044	5.00-6.00
Mr. Suresh Meena	Raikhera, Kota	8290409774	5.00-6.00
Mr. Brijmohan Meena	Chomakot, Kota	9928259037	4.00-5.00

6. दुगुनी आय हेतु डेयरी फार्मिंग

नाम : श्री जिनेन्द्र चौधरी
पिता का नाम : श्री सुखपाल सिंह
पता : बालिता, कोटा (राज.)
मोबाईल न. : 9460981189

तकनीकी

डेयरी एक ऐसा व्यवसाय है, जो कि गाँव, कस्बों एवं शहरों में कम पूंजी के साथ शुरू किया जा सकता है। डेयरी व्यवसाय के लिए कच्चा माल (चारा–दाना), पशु (गाय–भैंस), पूँजी (बैंक ऋण), बाजार (गाँव में सहकारी समितियों के दूध संग्रहण केन्द्र) एवं श्रम (युवा स्वयं) स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध है। डेयरी व्यवसाय की सफलता के लिए पशुपालन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उन्नत नस्ल के पशु, संतुलित पशु आहार, पशुओं का अच्छा स्वास्थय, उचित पशु आवास आदि की व्यवस्था एवं प्रबंधन से पशुओं की प्रजनन एवं उत्पादन क्षमता के स्तर को ऊँचा रखकर लाभ कमाया जा सकता हैं।

10 गिर गायों की डेयरी इकाई का आर्थिक विश्लेषण

स्थापना खर्च (पशु, पशु शेड, उपकरण,आदि)	:	₹ 15.00 लाख
औसत दूध उत्पादन प्रतिवर्ष	:	20000 लीटर
दूध विक्रय दर	:	₹ 70.00 प्रति लीटर
वार्षिक सकल आय	:	₹ 14.00 लाख
वार्षिक सकल लागत	:	₹ 9.50 लाख
वार्षिक शुद्ध आय	:	₹ 4.50 लाख
लाभ लागत अनुपात	:	1.47

कृषि विज्ञान केन्द्र का योगदान

केन्द्र द्वारा युवाओं के लिए डेयरी फार्मिंग पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किये जाते हैं, जिससे युवा डेयरी को उद्यम के रूप में अपना रहे हैं।

मूल गतिविधि

केन्द्र द्वारा वर्ष 2015 में प्रशिक्षित श्री जिनेन्द्र चौधरी, बालिता, कोटा ने 4 संकर गायों से डेयरी फार्मिंग की शुरूआत कर वर्तमान में श्री चौधरी 30 संकर गाय एवं 10 गिर गायों से प्रतिवर्ष 1.25 लाख लीटर दुग्ध उत्पादन कर कुल सकल आय 80.00 लाख रूपये एवं शुद्ध बचत 22.00 लाख रूपये प्रतिवर्ष है।

वर्ष 2023-24 में औसत दुग्ध उत्पादन, आय और लाभ लागत अनुपात (30 संकर एवं 10 गिर गाय)

दुध उत्पादन (लीटर)	सकल आय (₹ लाख में)	सकल लागत (₹ लाख में)	शुद्ध आय (₹ लाख में)	लाभ लागत अनुपात
1.25 लाख	80.00	58.00	22.00	1.37

अन्य किसानों पर सफलता का असर

केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर एवं श्री चौधरी से प्रेरणा लेकर जिले के दर्जनों युवाओं ने डेयरी फार्मिंग को उद्यम के रूप में अपनाकर 8.00–30.00 लाख रूपये सकल आय प्रतिवर्ष अर्जित कर रहे है।

पुरस्कार

श्री चौधरी को डेयरी फार्मिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

केन्द्र के तकनीकी मार्गदर्शन में स्थापित डेयरी फार्मिंग इकाई

नाम	पता	मोबाईल नं.	वार्षिक सकल आय (₹ लाख में)
श्री धन्नजय सिंह यादव	रायपुरा,कोटा	9680654499	25.00–30.00
श्री रोहित सिंह	बोरखेडा, कोटा	9829037404	10.00–12.00
श्री रूपचन्द गुजंल	बंधा धरमपुरा, कोटा	9783271994	08.00–10.00

सकल आय 80.00 लाख रूपये एवं शुद्ध बचत 22.00 लाख रूपये प्रतिवर्ष है।

6. Dairy farming for Doubling Income

Name : Mr. Jinendra Choudhary
Father's Name : Mr. Sukhpal Singh
Address : Balita, Kota (Raj.)
Mobile No. : 9460981189

Technology

Dairy is a business which can be started with low capital in villages and towns. In dairy business, raw material (fodder and grains), animal (cow and buffalo), capital (bank loan), market (milk collection centers of cooperative societies in the village) and labor (youth themselves) are available at the local level. For the success of dairy business adopting animal husbandry technology, by managing advanced breed animals, balanced animal feed, good health of animals, proper animal housing etc., for keeping high level of reproductive and production capacity of animals resulting profit from dairy business.

Economics of Dairy Farming (10 Gir Cows)

Establishment cost (Animal, Animal shed, Equipment's etc.)	:	₹15.00 lakh
Average milk production per year	:	20000 ltr
Milk sale rate	:	₹ 70.00 / ltr
Annual gross income	:	₹ 14.00 lakh
Annual gross cost	:	₹ 9.50 lakh
Annual net income	:	₹ 4.50 lakh
Benefit cost ratio (BCR)	:	1.47

Role of KVK

Skill development training on dairy farming is organized by the centre for the youth, in which the youth are adopting dairy as an enterprise.

Core Activity

Mr. Jinendra Choudhary, Balita, Kota trained by the centre in 2015 and started dairy farming with 4 hybrid cows. Presently, Mr. Choudhary has 30 hybrid cows and 10 Gir cows which producing 1.25 lakh liter milk annually. He is earning gross income of Rs. 80.00 lakh and net profit of Rs 22.00 lakh per year.

Average milk production, income and cost-benefit ratio during 2023-24 (30 crossbred and 10 gir cows)

Milk Production (Ltr.)	Gross income (₹ in lakh)	Gross Cost (₹ in lakh)	Net Profit (₹ In lakh)	B:C ratio
1.25 Lakh	80.00	58.00	22.00	1.37

Spread effects on fellow farmers

After receiving training from the center and inspiration from Mr. Choudhary, more than dozen youth have adopted dairy farming as enterprise and earning Rs. 8.00-30.00 lakh gross income per year.

Awards

Mr. Choudhary had received appreciation certificate from University for excellent work in the field of dairy farming.

Dairy farming unit established under technical guidance of the center

Name	Address	Mobile No.	Annual Gross Income (₹ in lakh)
Mr. Dhannjay Singh Yadav	Raipura, Kota	9680654499	25.00- 30.00
Mr. Rohit Singh	Borkhera, Kota	9829037404	10.00-12.00
Mr. Roopchand Gunjal	Banda Dharampura, Kota	9783271994	8.00-10.00

7. अतिरिक्त आय हेतु बकरी पालन

नाम : श्री धनराज मीणा
पिता का नाम : श्री रामकल्याण मीणा
पता : नारायणपुरा, कोटा (राज.)
मोबाईल न. : 9929778903

तकनीकी

